>

Title: Need to operate flights from Kota Airport, Rajasthan to Delhi, Mumbai and other major cities of the country.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): राजस्थान का कोटा जिला राजस्थान का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक स्थल है और यहां पर कई औद्योगिक स्थल हैं। कोटा साड़ी एवं परंपरागत उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तुओं का व्यापार देश के अन्य क्षेत्र से होता है। कोटा शिक्षा के मामले में भारत का एक बड़ा शहर है और यहां कई शिक्षा संस्थान कार्यरत हैं जिनमें अन्य क्षेत्रों के छात्र यहां पर अध्ययनरत हैं। दूसरे क्षेत्र से कई व्यापारी कोटा व्यवसाय के सिलसिले के लिए आते रहते हैं। कोटा के पास कई पर्यटन स्थल हैं। विदेशियों को कोटा में आने जाने की सुविधा के लिए कोटा एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू करना काफी लाभदायक है। कोटा के लोगों ने कोटा एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं अन्य क्षेत्रों के लिए चलाई जाने की मांग की है इससे कोटा के उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के अवसर मिलेंगे और इसके साथ राजस्थान के कई हिस्से जो पिछड़े हैं उनको विकास की गति मिल पाएगी और यहां पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

अतः अनुरोध है कि कोटा एयरपोर्ट से दिल्ली, मुम्बई एवं अन्य शहरों के लिए हवाई सेवाएं चलाई जाएं।